# उत्तराखंड विधान सभा

## प्रथम सत्र 2026

## अतारांकित प्रश्न

## 13 मार्च, 2026

----

**[पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन - कृषि मंत्रालय ].**

**कुल प्रश्न - 56**

----

**जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डं्ुग्री-कौंज- पोथनी-बौंला एवं सैंजी-लग्गा मैकोट-बेमरू मोटर मार्गों के अधूरे निर्माण निर्धारित समयावधि एवं पूर्णता की वर्तमान स्थिति के संबंध में।**

1 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र बद्रीनाथ के अन्तर्गत विकास खण्ड दशोली के डं्ुग्री-कौंज- पोथनी-बौंला मोटर मार्ग (द्वितीय चरण स्टेज-1) एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत सैंजी-लग्गा मैकोट-बेमरू मोटर मार्ग (स्टेज-1) का अधूरा निर्माण कार्य पूर्ण होने की समयावधि क्या थी एवं आतिथि तक उक्त सड़क मार्गों के निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करंगे कि उक्त सड़कों का अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के विकास खंड दशोली अंतर्गत पाणा ईराणी झींझी तोक में पी0एम0जी0एस0वाई0 के अंतर्गत पुल निर्माण की प्रगति एवं विलंब के कारणों के संबंध में।**

2 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकास खण्ड दशोली के अन्तर्गत पाणा ईराणी में पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा निर्मित झींझी तोक में पुल का निर्माण कार्य मात्र 5 प्रतिशत हो पाया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त पुल के निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए बतायेंगे कि पुल के निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं एवं किस समयावधि तक उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा? क्या सरकार उपरोक्त सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य में पूर्व सैनिकों की संख्या तथा वीरांगना विधवाओं एवं पूर्व सैनिक आश्रितों हेतु संचालित स्वरोजगार प्रशिक्षण एवं सह रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों की स्थिति वर्ष 2022-23 से 2024-25 के संबंध में।**

3 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में थल सेना, वायु सेना एवं नौ सेना के पूर्व सैनिकों की संख्या कितनी है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वीरांगना विधवाओं तथा भूतपूर्व सैनिकों के पुत्रों को भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिये जाने हेतु पूर्व सैनिक के आश्रितों को रोजगारपरक प्रशिक्षण, स्वरोजगार प्रशिक्षण एवं सह रोजगार प्रशिक्षण के लिए सरकार द्वारा  वर्ष, 2022-23 से वर्ष, 2024-25 तक कितने कार्यक्रम संचालित किये गये और संचालित कार्यक्रमों से कितने वीरंागना विधावाओं, पूर्व सैनिक के आश्रित लाभान्वित हुए हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद उत्तरकाशी में महिला समूह गौपालकों द्वारा राज्य से बाहर से गाय क्रय कराने, उससे उत्पन्न समस्याओं एवं राज्य के भीतर से क्रय की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में।**

4 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी की न्याय पंचायत साल्ड, मानपुर तथा बगसारी धनारी के महिला समूह गौपालकों को गाय पालन हेतु गायों का क्रय राज्य से बाहर उत्तर प्रदेश राज्य के मुजफ्फर नगर जनपद से करवाया गया है, जिससे महिला समूहों को राज्य के बाहर से गाय क्रय करने तथा घर तक पहुचाने में अत्यधिक समय और धन व्यय करना पडता है? क्या यह भी सत्य है कि मैदानी क्षेत्र की गायें पर्वतीय क्षेत्र की जलवायु अनुकूल न होने के कारण बीमार हो जाती हैं या दूध कम कर देती है, जिससे गौपालकों को भारी क्षति पहुंचती है? क्या सरकार गौ पालकों को राज्य के किसी भी जनपद अथवा अपने ही जनपद से गाय क्रय करने की सुविधा प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में गन्ने के वर्तमान समर्थन मूल्य एवं प्रस्तावित वृद्धि के संबंध में।**

5 **श्री उमेश कुमार पत्रकार (खानपुर ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा गन्ने की फसलों पर वर्तमान में क्या समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है? क्या सरकार गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कितनी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**हरिद्वार जनपद स्थित इकबालपुर शुगर मिल द्वारा लंबित गन्ना मूल्य भुगतान, किसानों की स्थिति एवं सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई के संबंध में।**

6 **श्री विरेन्द्र कुमार (झबरेड़ा ) :**
**श्रीमती ममता राकेश(भगवानपुर ) :**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**-क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद स्थित इकबालपुर शुगर मिल द्वारा हजारों किसानों का गन्ना मूल्य का विगत कई वर्षों से आतिथि तक भुगतान नहीं होने के कारण किसान अत्यधिक आर्थिक संकट, कर्ज और मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं एवं कई किसान अपने परिवार का भरण-पोषण तक नहीं कर पा रहे हैं और कुछ किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाने की कगार पर पहुंच चुके हैं? क्या यह भी सत्य है कि गन्ना किसानों के प्रति उक्त लापरवाही के लिए उत्तरदायी मिल प्रबन्धन के विरूद्ध आतिथि तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गयी है और न ही किसानो को गन्ना मूल्यों का भुगतान किये जाने हेतु प्रभावी कदम उठाए गये? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का शेष भुगतान कब तक किया जायेगा एवं भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कड़े नियामक उपाय किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**स्थानीय ठेकेदारों को 10 करोड़ रुपये तक के कार्य आवंटन, शासनादेश दिनांक 30 जून 2025 में संशोधित अनुभव, सिक्योरिटी, टर्नओवर शर्तों एवं प्रोक्योरमेंट नियमावली में संभावित संशोधन के संबंध में।**

**“ द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न सं0- 21 में स्थानान्तरित ”**

7 **श्री खजान दास (राजपुर रोड ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्थानीय ठेकेदारों को रोजगार दिये जाने की दृष्टि से विगत् दिनों कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर 10.00 करोड़ रुपये तक के कार्य स्थानीय ठेकेदारों को देने का निर्णय लिया गया था? क्या मंत्री

जी यह भी अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के स्थानीय ठेकदार एवं पी.एम.जी.एस.वाई. ठेकेदार एसोसिएशन, उत्तराखण्ड द्वारा इस संबंध में जारी किये गये वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश दिनांक 30 जून, 2025 को घोर विरोध किया जा रहा है, जिसमें अनुभव, सिक्योरिटी, टर्नऑवर को क्रमशः 25 से 80 प्रतिशत, 2.5 प्रतिशत से 05 प्रतिशत एवं टर्नआवर 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत कर दिया गया था? क्या सरकार स्थानीय ठेकेदारों के हितों के दृष्टिगत विभागीय निविदाओं में कैबिनेट की मंशा के अनुरुप बढ़ाये गये अनुभव सिक्योरिटी एवं टर्नओवर को पूर्व की भाँति यथावत रखे जाने हेतु प्रोक्योरमेंट नियमावली में संशोधन किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद हरिद्वार तहसील लक्सर के गन्ना किसानों को वर्ष 2025 की आपदा से हुए फसल नुकसान पर दिए गए मुआवजे के संबंध में।**

**" द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न सं0- 43 में स्थानान्तरित"**

8 **श्री उमेश कुमार पत्रकार (खानपुर ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**–क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के तहसील लक्सर क्षेत्र के कितने गन्ना किसानों को वर्ष, 2025 की आपदा से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा दिया गया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**ग्राम्य विकास अधिकारियों की खंड विकास अधिकारी पद पर पदोन्नति प्रक्रिया दिनांक 27 09 2022 में क्रमांक 414 व 415 को पदोन्नति से वंचित किए जाने के कारणों के संबंध में।**

9 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**कृषि मंत्रालय :**–क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 27.09.2022 को ग्राम्य विकास अधिकारी पद धारकों की खण्ड विकास अधिकारी पद पर पदोन्नति प्रक्रिया सम्पन्न की गयी, जिसमें 24 रिक्त पदों के सापेक्ष 22 पदों पर पदोन्नति की गयी? क्या यह सत्य है कि उक्त पदोन्नति प्रक्रिया में पदोन्नति हेतु अर्ह क्रमांक 414 व क्रमांक 415 को पदोन्नति से वंचित किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि पदोन्नति समिति के कार्यवृत्त में सम्बन्धितों को पदोन्नति से वंचित किए जाने का कोई स्पष्ट कारण भी अंकित नहीं किया गया है, इसके अतिरिक्त उक्त पदोन्नति प्रक्रिया पर किसी भी मा0 न्यायालय द्वारा कोई भी रोक नहीं लगायी गयी है? क्या सरकार क्रमांक 414 व 415 पर अंकित अभ्यर्थियों को किन नियमों व आदेश के तहत पदोन्नति से वंचित किया गया है, से सम्बन्धित सुस्पष्ट आख्या उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद बागेश्वर विधान सभा क्षेत्र कपकोट में ट्राउट मत्स्य उत्पादन स्वरोजगार सृजन आय वृद्धि एवं उत्पादकों को प्रदान की जा रही राजकीय सहायता के संबंध में।**

10 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या मत्स्य पालन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के साथ जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत कनलगढ़ घाटी, शामा घाटी एवं दानपुर घाटी में ट्राउट मछली का उत्पादन वृहद् पैमाने पर किया जा रहा है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र कपकोट में आतिथि तक कितने ट्राउट मछली उत्पादकों को स्वरोजगार से जोड़ा गया है तथा इनकी औसतन आय में कितनी वृद्धि हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विपणन सुविधाओं का अभाव, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता में कमी और उच्च परिवहन लागत आदि समस्याओं के समाधान हेतु सरकार द्वारा प्रभावित ट्राउट मछली उत्पादकों को कोई राजकीय सहायता देने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद बागेश्वर विधान सभा क्षेत्र कपकोट के नामतीचेटाबगड़ में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-392/2021 के अंतर्गत राजकीय पशु चिकित्सालय की स्थापना एवं निर्माण में विलंब के संबंध में।**

11 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-392/2021 के अनुरूप राजकीय पशु चिकित्सालय, नामतीचेटाबगड़ में पशु चिकित्सालय की स्थापना की जायेगी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विगत् 04 वर्षों से आतिथि तक किन कारणों से उक्त पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है? क्या सरकार जनहित में राजकीय पशु चिकित्सालय, नामतीचेटाबगड़ का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ करायेगी और साथ ही उक्त पशु चिकित्सालय के निर्माण में विलम्ब के लिए उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में भेड़ों की संख्या, ऊन उत्पादन भेड़पालन प्रोत्साहन योजनाएँ एवं वूल बैंक स्थापना के संबंध में।**

12 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पिछले कई वर्षों से भेड़ों

की गिनती नहीं हो पायी है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी भेड़ें हैं तथा भेड़ पालकों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या योजनाएं चलाई जा रही हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रतिवर्ष भेड़ों से कितना ऊन का उत्पादन होता है? क्या सरकार राज्य में वूल बैंक खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा निर्मित सड़कों की प्रगति, व्यय विवरण एवं डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण के संबंध में।**

13 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जिन स्थानों में खेती व बागवानी की जाती है, उन स्थानो पर जो मार्ग क्षतिग्रस्त होते हैं, उन मार्गों का निर्माण उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा किया जाता है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा राज्य के किन-किन क्षेत्रों में विगत 02 वर्षों में कितने सड़कों का निर्माण किया गया है और उन सड़कों के निर्माण में कितनी धनराशि व्यय है? क्या मंत्री जी को ज्ञात है कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत डोईवाला विधान सभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान निवास करते हैं और किसानों के द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र में उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा गत 02 वर्षों में कितने मार्गों का निर्माण किया गया है तथा उक्त क्षेत्र के क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**मनरेगा अंतर्गत गौशाला निर्माण हेतु दी जा रही वित्तीय सहायता की राशि एवं उसमें वृद्धि के प्रस्ताव के संबंध में।**

14 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मनरेगा के अन्तर्गत ग्रामीणों को गौशाला निर्माण हेतु रु0 35,000/(पैंतीस हजार) मात्र की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है? क्या मंत्री जी को यह भी ज्ञात है कि उक्त धनराशि गौशाला निर्माण हेतु अत्यधिक कम है? क्या सरकार गौशाला निर्माण हेतु वित्तीय सहायता की धनराशि में वृद्धि किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**ग्रामीण पारम्परिक उद्यमों लोहार, बढ़ई, जुलाहे, दर्जी, ढोल वादक आदि के संरक्षण संवर्द्धन एवं उन्नयन हेतु जागरूकता कार्यक्रमों की स्थिति के संबंध में।**

15 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पारम्परिक उद्यमों जैसे लोहार, बढ़ई, जुलाहे, दर्जी, ढोल वादकों आदि से अपने तथा अपने परिवार का जीविकोपार्जन करने वाले उद्यमियों के उन्नयन, विकास तथा सम्वर्द्धन के लिए सरकार के द्वारा क्या-क्या योजनाएं चलायी जा रही है? क्या यह सत्य हैं कि सरकारी उपेक्षा के चलते व जानकारी के अभाव में पारम्परिक उद्यम तथा संचालन करने वाले उद्यमी (कला) विलुप्त हो रही है? क्या सरकार ग्रामीण पारम्परिक उद्यमों (कला) के सरंक्षण/सम्वर्द्धन/ उन्नयन के लिए कारगर योजना बनाकर योजनाओं का क्रियान्वयन करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**वर्ष 2025-26 तक जनपदवार कृषि भूमि की स्थिति, बंजर होती भूमि एवं कृषि प्रोत्साहन हेतु विशेष कार्ययोजना के संबंध में।**

16 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष, 2025-26 तक जनपदवार कृषि भूमि कितने हैक्टेयर रह गयी है? क्या मंत्री जी को यह भी ज्ञात हैं कि विगत् कुछ वर्षों से कृषि भूमि का एक बड़ा भू-भाग असुविधाओं के चलते बंजर हो गया हैं? यदि हां, तो क्या सरकार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर काश्तकारों को कृषि सुविधायें, जैसे जैविक खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र, सिंचाई सुविधायें इत्यादि उपलब्ध कराने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विगत 04 वर्षों में रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से प्रदेश एवं जनपद बागेश्वर विधान सभा क्षेत्र कपकोट में प्रदत्त रोजगार अवसरों तथा चयनित युवाओं के प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन व्यवस्था के संबंध में।**

17 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 04 वर्षों में प्रदेश के विभिन्न सरकारी और उनके अधीनस्थ कार्यालयों में रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के साथ जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में कितने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये गये है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा उक्त योजना के माध्यम से चयनित युवाओं की कार्यशैली को निखारने के लिए कोई प्रशिक्षण दिये जाने की समुचित व्यवस्था बनाई गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत विगत 03 वर्षों में लाभान्वित किसानों/काश्तकारों की संख्या प्रदत्त प्रशिक्षण एवं जनपदवार विशेषत कपकोट बागेश्वर प्रगति के संबंध में।**

18 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 03 वर्षों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से प्रदेश के कितने किसानों/काश्तकारों को आतिथि तक जोड़ा गया है तथा उक्त योजना के अन्तर्गत किसानों/ काश्तकारों को क्या-क्या जानकारी एवं प्रशिक्षण दी जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना से प्रदेश एवं जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में कितने किसानों/काश्तकारों को प्रशिक्षित किया गया है? क्या सरकार उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य गठन से वर्तमान तक कृषि भूमि में आई कमी, वर्तमान स्थिति एवं कृषि भूमि संरक्षण हेतु सरकारी कार्ययोजना के संबंध में।**

19 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि राज्य की कृषि भूमि में लगातार कमी आ रही है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य गठन के समय कितनी कृषि भूमि राज्य में थी व वर्तमान में कितनी कृषि भूमि शेष है? क्या यह सत्य है कि राज्य की कृषि भूमि कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा राज्य की कृषि भूमि को बचाने के लिए कोई योजना बनाई गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**वर्ष 2022 से आतिथि तक उपनल के माध्यम से प्रदत्त रोजगार की संख्या, विगत 04 माह से लंबित मानदेय भुगतान के कारण एवं अवशेष भुगतान की समयसीमा के संबंध में।**

**"विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त"**

20 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष, 2022 से आतिथि तक उपनल के माध्यम से कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 04 माह से उपनल कर्मियों को मानदेय का भुगतान किन कारणों से नहीं किया जा रहा है? क्या सरकार उपनल के माध्यम से और अधिक रोजगार उपलब्ध कराने तथा उपनल कर्मियों के अवशेष मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती बंजर भूमि की समस्या एवं उसे पुनः कृषि योग्य बनाने हेतु सरकारी प्रयास एवं नीति के संबंध में।**

21 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या कृषि मंत्री अवगत है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि योग्य भूमि लगातार बंजर होती जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कि पर्वतीय क्षेत्र की बंजर भूमि को फिर से कृषि योग्य बनाने के लिए विभाग द्वारा किस तरह के प्रयास किये गये है? क्या सरकार द्वारा प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र की बंजर भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाने हेतु कोई ठोस नीति बनाई गयी है? यदि हां, क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-771/2021 के अंतर्गत मानिला सल्ट अल्मोड़ा में जड़ी-बूटी एवं फलोद्यान विकास हेतु की गई कार्यवाही एवं प्रस्तावित नीति के संबंध में।

22 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**कृषि मंत्रालय** :=क्या उद्यान एवं फलोद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-771/2021 के अनुरूप मानिला में जड़ी बूटी व फल उद्यान को बढ़ावा दिया जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मानिला में जड़ी-बूटी व फलोद्योग को बढ़ावा देने के लिए आतिथि तक क्या-क्या किया प्रयास किये गये हैं? क्या सरकार जनहित में मानिला में जड़ी-बूटी व फलोद्योग को बढ़ावा देने हेतु कोई ठोस नीति बनाकर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रौडधार देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल के निर्माण कार्य, अवमुक्त धनराशि एवं कार्य पूर्णता की स्थिति के संबंध में।

23 **श्री विनोद कण्डारी** (देयप्रयाग ):

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार का निर्माण कार्य कब से तथा इस हेतु आतिथि तक कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान समय तक उक्त प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार के भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रयाग पोर्टल के माध्यम से जनपद अल्मोड़ा में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या एवं रोजगार उपलब्धता की स्थिति के संबंध में।

24 **श्री महेश जीना** (सल्ट ):

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल**

**विकास, सेवायोजन** :=क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रयाग पोर्टल के माध्यम से जनपद अल्मोड़ा में कितने बेरोजगार युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया है और उसके सापेक्ष सरकार द्वारा कितने बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 205/2023 के अंतर्गत भगेतिया सल्ट अल्मोड़ा में गौशाला निर्माण की स्थिति, विलंब के कारण एवं कार्य प्रारंभ की समयसीमा के संबंध में।**

**''एक से अधिक विभागों से सम्बद्ध होने के कारण निरस्त''**

25 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** )**:**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या- 205/2023 के अनुरूप रामगंगा के किनारे भगेतिया नामक स्थान पर गौशाला का निर्माण किया जायेगा? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि भगेतिया नाम स्थान पर गौशाला निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार मुख्यमंत्री घोषणा के अनुरुप भगेतिया नामक स्थान पर गौशाला का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा सल्ट में लाखोरी मिर्च उत्पादन प्रोत्साहन राशि की स्थिति एवं कृषकों को प्रोत्साहन प्रदान करने की कार्ययोजना के संबंध में।**

26 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** )**:**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में लाखोरी मिर्च का वृहद पैमाने पर उत्पादन होता है और पूर्व में सरकार द्वारा लाखोरी मिर्च का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का प्राविधान किया गया था? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि इस वर्ष लाखोरी मिर्च का वृहद पैमाने पर उत्पादन हुआ है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा इस वर्ष कितने लाखोरी मिर्च उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया गया है तथा भविष्य में लाखोरी मिर्च का उत्पादन करने वाले सभी कृषकों को प्रोत्साहित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राजकीय पशु चिकित्सालयए मानिला सल्ट अल्मोड़ा के जीर्ण-शीर्ण भवन, रिक्त पदों एवं आधारभूत सुविधाओं की पूर्ति के संबंध में।**

27 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** )**:**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** :=क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत राजकीय पशु चिकित्सालय, मानिला स्थापित है, जिसका भवन वर्तमान में अत्यधिक जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त चिकित्सालय में चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ के सारे पद रिक्त हैं और चिकित्सालय में आवश्यक सुविधाओं का अभाव है? क्या सरकार राजकीय पशु चिकित्सालय, मानिला के जीर्ण-शीर्ण भवन का पुनर्निर्माण के साथ चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा सल्ट में चाय उत्पादन की संभावनाएँ चिन्हित स्थापित चाय बागानों की स्थिति वर्ष, 2022 से आतिथि तक एवं रोजगार सृजन हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के संबंध में।**

28 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या उद्यान एवं कृषि प्रसंस्करण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में चाय उत्पादन की अपार सम्भावनायें व्याप्त हैं? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2022 से आतिथि तक कितने स्थान चाय बगान हेतु चिन्हित किये गये हैं और कितने चाय बागान बनाये गये हैं? क्या सरकार चाय उत्पादन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने तथा पलायन रोकने हेतु भविष्य में सल्ट में चाय बागान स्थापित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा सल्ट में वर्ष 2017 से आतिथि तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्मित मोटर मार्गों कार्यदायी संस्थाओं एवं मदवार धनराशि आवंटन के विवरण के संबंध में।**

29 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के अन्तर्गत वर्ष, 2017 से आतिथि तक कितने मोटर मार्ग प्रथम एवं द्वितीय चरण में स्वीकृत हुए हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सल्ट में निर्मित मोटर मार्गों के नाम, निर्माण करने वाली फर्म व मदवार धनराशि आवंटन की सूची उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा फसलों की क्षति एवं मुआवजा नीति के संबंध में।**

30 **श्री महेश जीना (सल्ट ) :**
**श्री राम सिंह कैड़ा(भीमताल ) :**

**श्री फकीर राम (गंगोलीहाट ) :**
**श्री मोहन सिंह (जागेश्वर ) :**

**कृषि मंत्रालय :**-क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा कृषकों की खड़ी फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जा रहा है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कृषकों की नष्ट हुई फसलों की भरपाई करने हेतु क्या प्राविधान किये गये हैं ? क्या सरकार कृषकों की नष्ट हुई फसलों की भरपाई करने हेतु कोई ठोस नीति बना रही है? यदि हां, तो वह नीति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में क्लस्टर आधारित बकरी पालन गोट वैली परियोजना के संचालन के संबंध में।**

31 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कलस्टर आधारित बकरी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोट वैली परियोजना प्रारम्भ की गई है? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जनपदों के विकास खण्डों में गोट वैली परियोजना संचालित की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में पशुधन की तुलना में पशु चिकित्सालयों एवं पशु सेवा केन्द्रों की जनपदवार संख्या तथा उनकी वृद्धि के संबंध में।**

32 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पालतू पशुधन की अपेक्षा वर्ष, 2025-26 तक पशु चिकित्सालयों व पशु सेवा केन्द्रों की जनपदवार संख्या कितनी है? क्या यह सत्य है कि पशुधन के अपेक्षाकृत पशु चिकित्सालयों व पशु सेवा केन्द्रों की संख्या कम है? क्या सरकार पशु चिकित्सालयों व पशु सेवा केन्द्रों की संख्या बढ़ाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**अक्टूबर 2025 से वर्षा अभाव के कारण रबी फसलों गेहूँ, जौ ,मटर आदि की क्षति एवं प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति भुगतान के संबंध में।**

33 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मौसम परिवर्तन के कारण अक्टूबर, 2025 से आतिथि तक प्रदेश में वर्षा न होने के कारण गेहूँ, जौ, मटर इत्यादि की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि फसलों को वर्षा का जल न मिलने से कृषकों के समक्ष जीविकोपार्जन की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गयी है? क्या

सरकार प्रभावित कृषकों को फसलों की क्षतिपूर्ति का भुगतान करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र में जैविक खेती हेतु कार्य के दौरान मृतक कृषक महिला के आश्रितों को कृषक वित्तीय दुर्घटना योजना अंतर्गत प्रतिकर भुगतान के संबंध में।**

34 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर के ग्राम रिंगालगढ़, पट्टी सकलाना में श्रीमती पूजा (उम्र 25 वर्ष) पत्नी श्री रविन्द्र सिंह जैविक खेती के लिए जंगल से सूखी पत्तियां एकत्रित करते हुए गम्भीर रुप से घायल हो गयी थी तथा दिनांक 19.12.2025 को घटनास्थल से निकालते हुए उनकी मृत्यु हो गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा संचालित कृषक वित्तीय दुर्घटना योजनान्तर्गत इनके आश्रित बच्चों को प्रतिकर/दावा भुगतान किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ी कृषि उत्पादों जैसे पहाड़ी दाल, मिर्च,अदरक हल्दी आदि के विपणन हेतु स्थानीय बाजारों की स्थापना एवं विकास के संबंध में।**

35 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में वृहद् मात्रा में जैसे पहाड़ी दालें, मिर्च, अदरक, हल्दी आदि कई प्रकार के उत्पादों का उत्पादन किसानों द्वारा किया जाता है, लेकिन स्थानीय बाजार नहीं होने के कारण उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिल पाता है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में आतिथि तक पहाड़ी उत्पादों के विपणन हेतु कितने स्थानीय बाजार स्थापित तथा कितने विकसित किये गये हैं? क्या सरकार पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय बाजार को स्थापित कर विकसित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद हरिद्वार में गन्ना बुआई क्षेत्र तथा वर्ष 2025-26 में आधुनिक गन्ना बीज की उपलब्धता के संबंध में।**

36 **श्रीमती अनुपमा रावत (हरिद्वार ग्रामीण ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि

जनपद हरिद्वार में कुल कितने एकड़ गन्ना बुआई क्षेत्र है तथा इनमें से प्रतिवर्ष कितने गन्ना बुआई क्षेत्र में नया आधुनिक गन्ना बीज किसान को उपलब्ध कराया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार में वर्ष, 2025-26 में कितने रकबे हेतु गन्ने का नया बीज किसानों को उपलब्ध कराया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र विकास खण्ड गैरसैंण में पी.एम.जी.एस.वाई एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्मित मोटर मार्गों पर यातायात सुचारु रूप से संचालित किये जाने के संबंध में।**

37 **श्री अनिल नौटियाल (कर्णप्रयाग ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत विकास खण्ड गैरसैण में पूर्व में निर्मित पी.एम.जी.एस.वाई. एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्मित मोटर मार्गों पर यातायात सुचारु रुप से कब प्रारम्भ हो पायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र स्थित पर्वतीय कृषि महाविद्यालय भराड़ीसैण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारम्भ किये जाने के संबंध में।**

38 **श्री अनिल नौटियाल (कर्णप्रयाग ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत पर्वतीय कृषि महाविद्यालय भराड़ीसैण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के शैक्षणिक कार्यक्रम कब से प्रारम्भ होंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि प्रोत्साहन एवं रोजगार सृजन हेतु विकास खण्ड स्तर पर कृषि विकास संस्थान की स्थापना संबंधी योजना नीति के संबंध में।**

39 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में कृषि को प्रोत्साहित व उपज बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु विकास खण्ड स्तर पर कृषि विकास संस्थान की स्थापना करने हेतु कोई योजना/नीति शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आवास विहीन परिवारों की जनपदवार संख्या जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट विकास खण्ड सल्ट एवं स्याल्दे में वर्ष 2020 से आतिथि तक प्राप्त आवास आवेदनों एवं स्वीकृत आवासों का विवरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

40 **श्री महेश जीना** (**सल्ट** )**:**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कितने ऐसे परिवार हैं, जो वर्तमान में आवास विहीन हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के विकास खण्ड सल्ट व स्याल्दे में वर्ष, 2020 से आतिथि तक कितने अभ्यर्थियों ने आवास हेतु आवेदन किया है और कितनों आवास विहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराये गये हैं? क्या सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आवास विहीन परिवारों को ''प्रधानमंत्री आवास योजना'' के अन्तर्गत आवास उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य में संचालित लखपति दीदी योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एन.आर.एल.एम के तहत बनी लखपति दीदियों की संख्या तथा जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला एवं रायपुर में आतिथि तक की प्रगति के संबंध में।**

''**प्रथम बुद्धवार के अतारांकितप्रश्न सं0- 01 से स्थानान्तरित**''

41 **श्री बृजभूषण गैरोला** (**डोईवाला** )**:**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ''लखपति दीदी योजना'' संचालित की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा प्रदेश में उक्त योजना हेतु कोई निर्धारित लक्ष्य रखा गया है तथा उक्त एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) योजनान्तर्गत बनी लखपति दीदी की संख्या कितनी है? क्या मत्री जी बतायेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विकास खण्ड डोईवाला एवं रायपुर में आतिथि तक कुल कितनी लखपति दीदी बन चुकी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भराड़ीसैंण गैरसैंण में बद्री गाय संरक्षण हेतु प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना के संबंध में।**

42 **श्री अनिल नौटियाल** (**कर्णप्रयाग** )**:**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के

विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत भराड़ीसैंण, गैरसैंण में बद्री गाय के संरक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने सम्बन्धी प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित् है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त प्रशिक्षण केन्द्र कब तक खोला जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल अंतर्गत विकास खण्ड धारी, रामगढ़, ओखलकाण्डा एवं भीमताल के किसानों द्वारा कराये गये आलू फसल बीमा में प्रीमियम के सापेक्ष कम अप्राप्त बीमा दावों के भुगतान तथा बीमा कम्पनी के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में।**

43 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल)ः**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत विकास खण्ड धारी, रामगढ़, ओखलकाण्डा, भीमताल एक किसान बाहुल्य क्षेत्र है एवं यहां के किसान की आय का एकमात्र स्रोत खेतीबाड़ी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इस वर्ष उक्त क्षेत्रों के किसानों द्वारा आलू का बीमा रु0 5,500 प्रीमियम में किया गया था, जिसके एवज में किसानों को मात्र 1,144 की धनराशि बीमा के रुप में प्रदान की गयी थी और अधिकांश किसानों को बीमा की धनराशि ही नहीं दी गयी है? क्या सरकार बीमा कम्पनी के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए किसानों को उचित बीमा की राशि प्रदान करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण के कार्मिकों के नियमितीकरण तथा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले संविदा दैनिक वेतनभोगी आउटसोर्स कार्मिकों के संबंध में।**

44 **श्री महेश जीना (सल्ट)ः**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में विकसित भारत गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के कार्मिक विगत 17 वर्षों से अधिक समय से पूर्ण मनोयोग से निरन्तर अपनी सेवाऐं दे रहे हैं? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा 10 वर्ष पूर्ण करने वाले राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा, दैनिक वेतन भोगी, आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों का नियमितीकरण किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले विकसित भारत गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के कार्मिकों का भी नियमितीकरण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल विधान सभा क्षेत्र भीमताल में आवारा गायों के कारण किसानों को हो रहे नुकसान और गौशालाओं के निर्माण द्वारा बेसहारा गायों के आश्रय की व्यवस्था के संबंध में।**

**''एक से अधिक विभागों से सम्बद्ध होने के कारण निरस्त''**

45 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**—क्या पशुपालन मंत्री जी अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल में आवारा गायों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा इन गायों द्वारा किसानों की फसलों को पूरी तरह से बर्बाद किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार बेसहारा गायों को आश्रय देने हेतु भीमताल में गौशालाओं का निर्माण कर समुचित व्यवस्था करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद उत्तरकाशी विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत छोटीमणी से गढ़वाल गाड़ तक सड़क निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई भूमि का मुआवजा न दिए जाने एवं इसके भुगतान की समयावधि के संबंध में।**

46 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**कृषि मंत्रालय :**—क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि वर्ष, 2016-17 में जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्राम छोटीमणी से गढ़वाल गाड़ तक सड़क मार्ग का निर्माण सिंचाई खण्ड, पी.एम.जी.एस.वाई., जोशियाड़ा, उत्तरकाशी द्वारा कराया गया था? क्या यह सत्य है कि सिंचाई खण्ड, पी.एम.जी.एस.वाई., जोशियाड़ा, उत्तरकाशी द्वारा बनाई गई उक्त सड़क मार्ग निर्माण में ग्रामीणों की क्षतिग्रस्त हुई भूमि का मुआवजा सम्बन्धित विभाग द्वारा आतिथि तक ग्रामीणों को नहीं दिया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त सड़क मार्ग निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई भूमि का मुआवजा ग्रामीणों को कब तक दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत इकबालपुर शुगर मिल के श्रमिकों के 19 माह से वेतन भुगतान न होने उनकी धरना स्थिती एवं अवशेष वेतन भुगतान की कार्यवाही के संबंध में।**

**''न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण निरस्त''**

47 **श्रीमती ममता राकेश (भगवानपुर ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल**

**विकास, सेवायोजन** :=क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत इकबालपुर शुगर मिल के श्रमिकों का विगत 19 माह से वेतन का भुगतान न होने के कारण श्रमिक दिनांक 29 दिसम्बर, 2025 से धरने पर बैठे हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि सरकार द्वारा इस सम्बंध में कब-कब, क्या कार्यवाही की गई और कब तक उक्त श्रमिकों के 19 माह के अवशेष वेतन का भुगतान करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के विकास खण्ड ओखलकाण्डा धारी रामगढ़ एवं भीमताल में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आवास विहीन परिवारों की संख्या वर्ष 2022 से आतिथि तक आवास हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति आवास वितरण की प्रगति एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत इन परिवारों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही के संबंध में।**

48 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले कितने ऐसे परिवार हैं, जो वर्तमान तक आवास विहीन हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के विकास खण्ड ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़ एवं भीमताल में वर्ष, 2022 से आतिथि तक कितने अभ्यर्थियों ने आवास हेतु आवेदन किया है और कितनों को आवास उपलब्ध कराये गये हैं? क्या सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले आवास विहीन परिवारों को 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के अन्तर्गत शीघ्र ही आवास उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**वर्ष 2022 से 2025 तक पिथौरागढ़ जिले के समस्त विकास खण्डों में उद्यान विभाग द्वारा वितरित कृषि यंत्र बीज फलों की पौध एवं संबंधित अनुदान तथा इन लाभार्थियों की संख्या एवं विवरण सदन के पटल पर उपलब्ध कराये जाने की स्थिति के सम्बन्ध में।**

49 **श्री मयूख सिंह महर (पिथौरागढ़):**

**कृषि मंत्रालय** :=क्या उद्यान एवं कृषि प्रसंस्करण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2022 से 2025 तक उद्यान विभाग द्वारा पिथौरागढ़ जिले के समस्त विकास खण्डों में कितने कृषि यंत्र एवं बीज किन-किन काश्तकारों को बाँटे गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कितने लाभार्थियों को कृषि यंत्र एवं बीज हेतु अनुदान दिया गया है तथा उक्त काश्तकारों को किस प्रजाति के फलों की पौध कितनी संख्या में उपलब्ध करायी गयी है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 184 सड़कों में से उत्तरकाशी जिले के यमुनोत्री क्षेत्र के चिन्यालीसौड़ जोगथ मोटर मार्ग फेज-4 से कवागड्डी गोरुण तक 2.5 किमी मार्ग की स्वीकृति एवं वित्तीय अनुमोदन की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में।**

50 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं वर्ष, 2025-26 में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 184 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में फेज-4 में स्वीकृत चिन्यालीसौड़-जोगथ मोटर मार्ग से कवागड्डी गोरुण तक 2.5 किमी0 मोटर मार्ग के स्वीकृति हेतु अग्रिम कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त सड़क मार्ग के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति कब तक प्राप्त हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में आवारा पशुओं बेसहारा गोवंश के लिए शैल्टर निर्माण हेतु सरकार की योजना और उसकी वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में।**

**''एक से अधिक विभागों से सम्बद्ध होने के कारण निरस्त''**

51 **प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में आवारा पशुओं (बेसहारा गोवंश आदि) के लिए शैल्टर के निर्माण हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त योजना का विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में जैविक खेती के प्रमाणीकरण हेतु किसानों को दी जा रही सहायता एवं जनपद हरिद्वार में सहायता की वर्तमान स्थिति के संबंध में।**

52 **प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जैविक खेती के प्रमाणीकरण के लिए किसानों को दी जा रही सहायता का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार में भी जैविक खेती के प्रमाणीकरण के लिए किसानों को सहायता राशि दी जा रही है या दिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित् है? यदि हां, तो कब तक राशि प्रदान की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में बेमौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों काश्तकारों को फसल नुकसान का मुआवजा दिए जाने के संबंध में।**

53 **प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष, 2024-25 व 2025-26 में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का कितना मुआवजा किसानों एवं काश्तकारों को दिया गया है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का वितरण उपलब्ध करायंेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में जंगली सुअर, नील गाय, बंदरों आदि से कृषि फसलों की सुरक्षा हेतु सोलर फेंसिंग योजना की प्रगति के संबंध में।**

54 **प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जंगली सुअरों-नील गाय/बंदरों आदि से खेती को बचाने के लिए सोलर फेंसिग योजना की प्रगति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में आई.टी.आई अथवा कौशल विकास केंद्र खोलने के सम्बन्ध में।**

55 **प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन :**=क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में आई0टी0आई0 या कौशल विकास केन्द्र खोलने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अंतर्गत कैहड़गांव में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित कृषि विकास केन्द्र का निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने एवं उसे शीघ्र प्रारम्भ कराने के संबंध में।**

**‘‘ प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न सं0- 36 से स्थानान्तरित’’**

56 **श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**कृषि मंत्रालय :**=क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कैहड़गांव नामक स्थान में पन्तनगर कृषि विश्व विद्यालय द्वारा कृषि विकास योजनाओं को संचालित करने हेतु वर्ष, 2015-16 में एक नवीन केन्द्र की स्थापना की गई

थी, जिसके लिए ग्रामवासियों द्वारा लगभग 200 नाली भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि 8 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी वर्तमान तक कैहड़गांव कृषि विकास केन्द्र का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है? क्या सरकार जनहित में कैहड़गांव नामक स्थान में पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विकास योजनाओं को संचालित करने हेतु कृषि नवीन विकास क्रेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----